प्रेस विज्ञप्ति

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–**cm-340**

04/08/2018

कर्नाटक में 6 बिहारी मजदूरों की मौत पर मुख्यमंत्री मर्माहत

पटना, 04 अगस्त 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कर्नाटक के कलबुर्गी में कल देर शाम सीमेंट फैक्ट्री में हुये हादसे में 06 बिहारी मजदूरों की हुई मौत पर गहरा दुख एवं शोक व्यक्त किया है एवं मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने श्रम संसाधन विभाग को निर्देश दिया है कि वे घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर विभागीय प्रावधानों के अनुरूप मृतकों के परिजनों को क्षतिपूर्ति एवं मुआवजे की राशि के भुगतान की कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित की जाये।

मुख्यमंत्री ने इस हादसे में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

******